प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कम्प्यूटर एडेड टैक्स्टाइल डिजाइनिंग पर ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स

पंतनगर। 04 नवम्बर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा 'कम्प्यूटर एडेड टैक्स्टाइल डिजाइनिंग' विषय पर 25 अक्टूबर 2020 से तीन महीने का ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सॉफ्टवेयर आधारित डिजाइनिंग की तकनीक की विशेषज्ञता प्रदान की जायेगी। इस ऑनलाइन कोर्स में देश के विभिन्न राज्यों, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली एवं कर्नाटक आदि से 25 फैक्ल्टी सदस्य, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिजाइनिंग एवं फैशन टैक्नोलॉजी में शिक्षा प्राप्त कर रहे परास्नातक छात्र-छात्रायें प्रतिभाग कर रहे हैं। इस कोर्स में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का विभिन्न उद्योगों के विशेषज्ञों के साथ पारस्परिक विचार-विमर्श भी कराया गया, जिससे वह टैक्स्टाइल डिजाइनिंग कि आधुनिक प्रवृत्ति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। इस ऑनलाइन कोर्स का संचालन आई.डी.पी. नाहेप परियोजना के सहयोग से किया जा रहा है।